मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक : छोटेलाल शर्मा**

वर्ष - 10 | अंक - 41 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 03 जुलाइ से 09 जुलाई 2023 | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये

## ठाकरे गुट के खिलाफ बीजेपी का बड़ा फैसला...

## 'आक्रोश आंदोलन' को लेकर आशीष सेलार ने कही ये बात



**महाराष्ट्रः** बुलढाणा में हुए भीषण हादसे के बाद मुंबई बीजेपी ने बड़ा फैसला लिया है. बुलढाणा में डिवाइडर से टकरा कर बस में अचानक आग लग गई जिसके कारण बस में सवार 25 लोगों की जलकर मौत हो गई. इसके बाद अब बीजेपी ने ऐलान किया है कि मुंबई में 'आक्रोश आंदोलन' आज नहीं होगा. मुंबई बीजेपी अध्यक्ष और विधायक आशीष शेलार ने इस बारे में ट्वीट कर दी जानकारी दी है. अब ये 'आक्रोश आंदोलन' कब होगा इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है. आशीष शेलार ने कहा, ''बुलढाणा में हुए दर्दनाक हादसे से पूरा महाराष्ट्र शोक में है. शोक में डूबे परिवार के प्रति हमारी संवेदना है! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी शोक जताया है.ह्व आशीष शेलार ने उद्धव ठाकरे गुट पर निशाना साधते हुए कहा, इस पूरी घटना की गंभीरता को देखते हुए हमने 'आक्रोश आंदोलन' नहीं करने का फैसला किया है. ये दुखद दिन है, हम आज कुछ नहीं कहेंगे, लेकिन हम उन लोगों से जवाबदेही की मांग करते रहेंगे जिन्होंने मुंबईकरों को लूटा.'

यात्री बस नागपुर से पुणे की ओर जा रही थी. हादसा आधी रात के करीब हुआ. बस नागपुर, वर्धा और यवतमाल से यात्रियों को लेकर जा रही थी. यह विदर्भ ट्रेवल्स की बस थी. बस सिंदखेड़ाराजा के पास पिंपलखुटा गांव के पास समृद्धि राजमार्ग पर एक सड़क डिवाइडर से टकरा गई और बस में आग लग गई.

## युवा समाजसेवी, प्रबंध संपादक अनिल कुमार शर्मा का हुआ सम्मान

**मुंबई,** समाज के गौरव,समाज के सुख दुःख में हमेशा खड़े रहने वाले युवाओं के दिल की धड़कन,युवा हृदय सम्राट लोकप्रिय,मिलन सार समाजसेवी एवं ह्न कदम कदम पर ह्न पेपर के प्रबंध संपादक अनिल कुमार शर्मा के उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए उनके अवतरण दिवस के शुभ अवसर पर सैकड़ों समाजसेवी, शिक्षक,डॉक्टर एवं अधिवक्ता शुभकामनाएं एवं बधाइयां देने पहुंचे।यह कार्यक्रम सभी के चहेते अधिवक्ता अनिल शर्मा के कार्यालय धनलक्ष्मी इंटरप्राइजेज,बांद्रा कोर्ट मुंबई में भारी वर्षा के बीच संपन्न हुआ।युवा समाजसेवी के जन्मदिन पर राष्ट्रीय कवि एवं पत्रकार विनय शर्मा दीप ने कविताओं से आशीर्वाद दिया तो वहीं एडवोकेट अनिल शर्मा ने भी मां को समर्पित कर नवशिशु के कालखंड को दुहराते हुए उनका सम्मान किया।कदम कदम पर के संपादक छोटेलाल शर्मा ने केक खिलाकर आशीर्वाद दिया।इसी प्रकार उपस्थित समाजसेवियों में डाक्टर प्रहलाद शर्मा,प्रदीप कुमार शर्मा नंदवंशी, संतोष नि. शर्मा नंदवंशी,गोपाल शर्मा,मंजेश शर्मा,हरिशंकर शर्मा नंदवंशी, नई उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष युवा समाजसेवी चंद्र भूषण शर्मा,अधिवक्ता अनिल शर्मा, सूरज शर्मा, सचिन शर्मा, जय नाथ शर्मा आदि मुख्य रूप से थे। अंत में प्रबंध संपादक अनिल शर्मा ने उपस्थित सभी मित्रों का आभार व्यक्त किया।






## नागपुर के पास बोरखेड़ी फ्लाईओवर से रेलवे ट्रैक पर गिरी तेज रफ़्तार कार, 5 घायल



**नागपुर :** महारष्ट्र से मिली एक सनसनीखेज खबर के अनुसार, आज उपराजधानी नागपुर में सुबह करीब 7.30 बजे यहां के बोरखेड़ी फ्लाईओवर से एक तेज रफ्तार कार सीधे निचे रेलवे ट्रैक पर गिर गई। इस हादसे में कार सवार 5 लोग घायल हो गए हैं। वहीं घायलों को इलाज के लिए स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले पर स्थानीय बुटीबोरी पुलिस ने जानकारी दी कि, आज सुबह 7.30 बजे नागपुर को जाती बोरखेड़ी फ्लाईओवर से एक तेज रफ्तार कार रेलवे ट्रैक पर जा गिरी। इस हादसे में कार सवार 5 लोग घायल हो गए हैं। वहीं घायलों को इलाज के लिए स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले पर विवरण का इंतजार है।

## एम डब्ल्यू ओ ने गोमती हास्पिटल मे लगाया रक्तदान शिविर

## 20 रक्तदानियों ने किया रक्तदान

**सुल्तानपुर** – रक्तदान महादान है इस मुहिम को आगे बढाने के लिए सतत प्रयासरत सामाजिक संगठन महापदमननद वेलफेयर आगेर्नाइजेशन (एम डब्ल्यू ओ ) की जिला कमेटी सुल्तानपुर के तत्वावधान मे ब्लड बैंक गोमती हास्पिटल सुल्तानपुर( उ0 प्र0 ) मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री अनिल कुमार (राजू पीको ) सभासद प्रतिनिधि सुल्तानपुर, श्री शिवदयाल शर्मा (प्रांतीय महासचिव एवम् जिला प्रभारी सुल्तानपुर ), श्री अजीत कुमार शर्मा (जिलाउपाधयक्ष ), संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। रक्तदान मिशन के मुख्य प्रेरक एम डब्ल्यू ओ के प्रांतीय उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा जी ने रक्तदान करने आए लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान करने से शरीर मे नई स्फूर्ति व जोश के साथ व्यक्ति अपनी दिनचर्या पूरी करता है, और हमेशा स्वस्थ एवं निरोगी रहता है। दीपक शर्मा (ब्लाक अध्यक्ष प्रतापपुर कमैचा ) ने भी रक्तदानियो को प्रेरित किया कि रक्तदान महादान है तथा रक्तदाता जीवन दाता होता है। दुर्गेश कुमार शर्मा जी सभी सम्मानित रक्तदानीयो का आभार व्यक्त करते हुए दीघार्यु होने की कामना की। रक्तदानियो मे मुख्य रूप से राहुल पाल सुनील यादव, दिनेश चन्द्र मौर्या, दीपक शर्मा, संदीप कुमार, राम अनुज यादव, ध्यानचंद, ओमप्रकाश मौर्या, जीतलाल, ललित शर्मा, दिलीप शर्मा, सुनील शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, पवन कुमार शर्मा, संजय शर्मा, ब्रह्मजीत शर्मा, कुलदीप शर्मा, योगेन्द्र त्रिपाठी, सुनील कुमार यादव, सोनू शर्मा इत्यादि लोग उपस्थित रहे। कुल 20 लोगों ने रक्तदान किया।

सभी रक्तदानियो को समाजसेवी अनिल कुमार शर्मा जनपद जौनपुर के द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर संगठन के सहयोग से एक डायरी व पेन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रंजीत कुमार शर्मा (वरिष्ठ उपाध्यक्ष ), रबीद्र कुमार शर्मा (कोषाध्यक्ष ), दलबहादुर शर्मा (ब्लाक अध्यक्ष बलदीराय ), मातादीन शर्मा (तहसील अध्यक्ष लमभुआ ), श्री कान्त शर्मा (जिलाउपाधयक्ष अमेठी ), बद्री प्रसाद शर्मा (तहसील संरक्षक जयसिंहपुर ) के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।






## संगम नगर, एंटॉपहिल, वडाला पूर्व से बेस्ट की बस सेवा शुरू

**मुंबई,** श्रीमती सुमिता सुमन सिंह, प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी मुंबई के प्रयास से माननीय मुख्य व्यवस्थापक वातूहक, वडाला आगर नियोजन विभाग, लोकमान्य तिलक रोड विस्तारित, दादर पूर्व, मुंबई 400014 के द्वारा छात्र एवं छात्राओं के आवागमन हेतु संगम नगर, एंटॉपहिल, वडाला पूर्व एवं इसके आस पास के क्षेत्र से एन० के० इ० एस० स्कूल, एस० आई० डब्लू० एस० स्कूल, आंध्रा एजुकेशन सोसायटी, म्युनिसिपल स्कूल माटुंगा व श्रीदयानंद बालक एवं बालिका विद्यालय माटुंगा पूर्व तक बेस्ट की बस सेवा आज सोमवार दिनांक 03.07.2024 प्रातः 6.00 बजे शुरू किया गया।

संगम नगर, एंटॉपहिल, वडाला पूर्व एवं इसके आस पास के क्षेत्र के रहने वाले माता पिता/अभिभावक की प्रमुख समस्या यह है कि आवागमन साधन की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण कई बच्चे रोड क्रॉस करते हुए, रेलवे लाईन क्रॉस करते हुए दुर्घटना ग्रस्त हो जाते हैं या मृत्यु के शिकार हो जाते हैं जिसके अधिकांश अभिभावक अपने पुत्र या पुत्री को शिक्षा दिलाने में असमर्थ हैं जिसके कारण उनके बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाते हैं। भारत सरकार एवं महाराष्ट्र सरकार तथा प्रत्येक विद्यालय प्रबंधन का सदैव प्रयास रहता है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहे। इस दिशा में श्रीमती सुमिता सुमन सिंह, प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी मुंबई के उत्कृष्ट प्रयास से संगम नगर, एंटॉपहिल, वडाला पूर्व एवं इसके आस पास के क्षेत्र से एन० के० इ० एस० स्कूल, एस० आई० डब्लू० एस० स्कूल, आंध्रा एजुकेशन सोसायटी, म्युनिसिपल स्कूल माटुंगा व श्रीदयानंद बालक एवं बालिका विद्यालय माटुंगा पूर्व तक छात्र एवं छात्राओं के आवागमन हेतु बेस्ट की बस सुविधा उपलब्ध कराया गया जिससे उक्त क्षेत्र / परिसर का कोई भी बच्चा बस सुविधा के अभाव में विद्यालयीन शिक्षा से वंचित न रहे।








## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

### समान नागरिक संहिता

कुछ विपक्षी दलों ने समान नागरिक संहिता पर जिस तरह सकारात्मक और तार्किक रवैया अपना लिया है, उससे कांग्रेस की दुविधा बढ़ जाना स्वाभाविक है। उसे इस दुविधा का परित्याग करने की आवश्यकता है, न कि अपने रवैये पर अड़े रहने की। ऐसा इसलिए, क्योंकि कई विपक्षी नेताओं के साथ कांग्रेस के भी कुछ नेता समान नागरिक संहिता को समय की मांग बता रहे हैं। कांग्रेस को वोट बैंक की सस्ती राजनीति के कारण वैसी कोई भूल करने से बचना चाहिए, जैसी उसने शाहबानो मामले में की थी। इसकी कीमत केवल उसे ही नहीं, देश को भी चुकानी पड़ी।

यदि शाहबानो मामले में राजीव गांधी की सरकार कट्टरपंथी तत्वों के आगे झुकने के बजाय संविधानसम्मत फैसला करती और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के साथ खड़ी होती तो आज स्थिति दूसरी होती-न केवल उसकी, बल्कि भारतीय समाज की भी। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को यह स्मरण रखना चाहिए कि राजनीतिक दलों का एक प्रमुख काम जनता को दिशा देना और समाज सुधार के काम करना भी होता है। एक समय था, जब कांग्रेस एक राजनीतिक दल के रूप में समाज सुधार के कामों पर भी ध्यान देती थी, लेकिन धीरे-धीरे उसने सामाजिक सुधारों से मुंह मोड़ लिया और केवल वोट बैंक की राजनीति करनी शुरू दी। समान नागरिक संहिता के मामले में यदि विपक्षी दलों के साथ-साथ कांग्रेस के पास कहने को कुछ है तो केवल यही कि आखिर उसकी पहल इसी समय क्यों की जा रही है? यह कुछ वैसा ही कुतर्क है, जैसा अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दिया गया था। तब यह कहा गया था कि इस मामले की सुनवाई आम चुनाव के बाद की जानी चाहिए। समान नागरिक संहिता की पहल इसी समय क्यों, यह कोई सवाल नहीं हुआ। क्या कांग्रेस या फिर अन्य विपक्षी दल यह बता सकते हैं कि इस संहिता की पहल के लिए कौन सा समय उपयुक्त होता? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि जो काम दशकों पहले हो जाना चाहिए था, वह अभी भी लंबित है।

समान नागरिक संहिता का निर्माण लंबित रहना एक तरह से संविधान निमार्ताओं के सपनों को जानबूझकर न पूरा करना है। कांग्रेस को इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि जवाहरलाल नेहरू ने तमाम विरोध के बाद भी हिंदू कोड बिल के मामले में किस तरह दृढ़ रवैया अपनाया था। समान नागरिक संहिता के मामले में विरोध के लिए विरोध वाली राजनीति करने से बेहतर है कि उस पर सकारात्मक दृष्टिकोण से विचार किया जाए। माना जा रहा है कि संसद के आगामी सत्र में सरकार समान नागरिक संहिता का विधेयक लेकर आ सकती है। ऐसा हो या न हो, सभी दलों के लिए उचित यही होगा कि संसद के मानसून सत्र में उस पर व्यापक बहस हो। आखिर जब जनता के बीच उस पर बहस हो रही है तो फिर संसद में क्यों नहीं होनी चाहिए?

# ईडी अधिकारियो को सभी जरूरत कागजात करे उपलब्ध

## मनपा अतिरिक्त आयुक्त ने बैठक लेकर अधिकारियो को दिया निर्देश




**मुंबई :** कोरोना काल में मुंबई मनपा द्वारा किए गए घोटाले की जांच ईडी द्वारा किया जा रहा है ईडी कार्रवाई में पिछले दिनो हुई छान बीन और मनपा के सीपीडी सैंट्रल पर्चेस अधिकारियो के घर हुई छापे की कार्रवाई में कई महत्वपूर्ण कागजात अधिकारियो के हाथ लगे है। ईडी अधिकारियो की ओर से मनपा आयुक्त को एक पत्र आया है जिसमे कोरोना काल में किए गए खर्च की पूरी जानकारी मांगी गई है।किस ठेकेदार को काम दिया गया और किस तरह पैसे उन्हे दिया गया इसका लेखा जोखा मांगा है।मनपा अतिरिक्त आयुक्त पी वेलारासू गुरूवार को बकरा ईद की छुट्टी होने के बावजूद मनपा के सभी सहायक आयुक्तों अस्पताल के डीन और मनपा के सिपिडी विभाग जिसके माध्यम से कामों का ठेका दिया सभी विभाग के अधिकारियो को कागजात उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

मनपा अतिरिक्त आयुक्त पी वेलारासू द्वारा गुरूवार को बैठक लेकर ईडी अधिकारियो का सहयोग किए जाने का निर्देश दिए जाने के बाद मुंबई मनपा के सभी 24 वार्ड के अधिकारी उनके वार्ड में कोरोना काल में किए गए कामों और उस पर किए गए खर्च का लेखा जोखा बनाकर मनपा अतिरिक्त आयुक्त के पास दिया जा रहा है।मनपा के सभी 24 वार्ड के अधिकारी वार्ड स्तर पर कोरोना काल में किए गए कामों का लेखा जोखा सौप रहे है।मनपा अतिरिक्त आयुक्त सेंट्रल पर्चेस विभाग द्वारा किए गए कामों सहित वार्ड स्तर पर किए कामों का लेखा जोखा ईडी अधिकारियो को सौपेंगे।


# मुंबई का सट्टा चला रहे 10 गिरफ्तार, मुख्य आरोपित सहित तीन फरार...



**मुंबई :** गांधीनगर क्षेत्र में सट्टे के अड्डे पर क्राइम ब्रांच और गांधीनगर थाने की पुलिस ने शुक्रवार को दबिश दी। 10 लोगों को सट्टा गतिविधि संचालित करते रंगेहाथ दबोचा। इनमें धार, उज्जैन और राजस्थान के सटोरिए भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार उन्हें लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि कल्याण, मधुर और अन्य लाइन का सट्टा जो बांबे से संचालित किया जाता है, उसमें यहां के कुछ लोग भी सम्मिलित हैं। इसके लिए छह माह पहले भी मनोज तेली के घर दबिश दी थी, लेकिन सबूत के अभाव के कारण कार्रवाई नहीं हो पाई थी। एक सप्ताह से टीम इन पर निगरानी रख रही थी। यहां बांबे का सट्टा संचालित किया जा रहा था। मौके से पुलिस ने 30 से ज्यादा मोबाइल फोन, 19 हजार से पर्चियां, कई लोगों के मोबाइल नंबर मिले हैं।

अलग-अलग टीमों के साथ उक्त मकान पर दबिश दी तो वहां पर मकान मालिक मोहन राठी के साथ मिलकर विशाल राठौर निवासी तराना, देवीसिंह निवासी कृष्णबाग, राजेश मंडोरी निवासी तराना, शाहिद निवासी देवास, कन्हैयालाल निवासी राजस्थान, बेनीप्रसाद, दिलीप तंवर निवासी धामनोद, विकास परमार निवासी धार, जितेंद्र सेन निवासी राजस्थान, रमेश निवासी बिहार सट्टे का बड़े पैमाने पर कारोबार कर रहे थे।

# 6 महीने से मायके से नहीं लौटी पत्नी, तो पति पहुंचा हाई कोर्ट...




**मुंबई:** पत्नी के मायके से वापस न आने से परेशान पति ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ससुराल वालों की बेरुखी से नाराज पति ने मांग की है कि पुलिस को उसकी पत्नी को अदालत में पेश करने का निर्देश दिया जाए। पति का 6 महीने से पत्नी से कोई संपर्क नहीं हुआ है। ससुराल से कोई बात करने को राजी नहीं है। इसलिए हर तरफ की उपेक्षा से तंग आकर पति ने अब राहत के लिए न्यायालय की शरण ली है। 13 दिसंबर, 2022 को रमेश पवार (परिवर्तित नाम) कि बांद्रा में हिंदू रीति रिवाज से शादी हुई थी। एक महीने तक पवार का शादीशुदा जीवन बहुत खुशहाली से बीता। 28 जनवरी, 2023 पवार के ससुर और पत्नी के चाचा आए, जो अपनी रिश्तेदारी में विवाह समारोह होने की बात कहकर बेटी को लेकर चले गए। पत्नी के मायके चले जाने के बाद से अब तक पवार का उससे कोई संपर्क नहीं हुआ। पवार ने कोर्ट को बताया कि उसकी पत्नी का फोन बंद आ रहा है, ससुराल वाले कोई कुछ बताने को तैयार नहीं है। कुछ पूछो, तो कोई जवाब नहीं देता है। इसीलिए पवार ने कोर्ट में हैबियस कॉर्पस पिटिशन दायर कर पत्नी को कोर्ट में हाजिर करने की मांग की है ताकि यह पता चल सके कि उसकी पत्नी किस वजह से वापस नहीं लौटी है। जस्टिस रेवती मोहिते ढेरे और जस्टिस गौरी गोडसे की बेंच के सामने पवार की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान पवार के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल ने 13 दिसंबर, 2022 को 24 वर्षीय ललिता ओझा (परिवर्तित नाम) से वैधानिक तरीके से विवाह किया है। याचिका में शादी को लेकर जोड़ी गई तस्वीरें इसका प्रमाण है। याचिका पर गौर करने के बाद खंडपीठ ने बोरीवली के कस्तूरबा मार्ग पुलिस स्टेशन के संबंधित पुलिस अधिकारी को याचिकाकर्ता की पत्नी को अदालत में हाजिर करने का निर्देश दिया है। कोर्ट में मौजूद पुलिस अधिकारी ने बेंच को भरोसा दिलाया कि वे याचिकाकर्ता की पत्नी को कोर्ट में लाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे। कोर्ट ने अब 7 जुलाई को इस याचिका पर सुनवाई रखी है।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३



नंदवंशी अर्जुन शर्मा के बेटे नंदवंशी शिवा शर्मा के जन्मदिन पर राजकोट Gujrat में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया. वहीं उपस्थित रहे लल्लन Gaud सुरेश गौतम , mantu यादव, Sanjay जयसवाल Rajan शर्मा दीपक शर्मा अजय गौड़ विशाल, गंगाराम अन्य लोग उपस्थित रहे




मुगलसराय की कंप्यूटर प्रशिक्षण के क्षेत्र में अग्रणी संस्था मीडिया काम अकैडमी द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अध्यक्ष के रूप में भाग लेते हुए और पुरस्कार वितरित करते हुए.

# डॉ. प्रभा शर्मा 'सागर'- सेवा संपूर्ती सम्मान समारोह

**मुम्बईः** राजीव गांधी विद्यालय, मुलुंड प. की वरिष्ठ शिक्षिका,कवियत्री डॉ.प्रभा प्रदीप शर्मा 32 वर्षो की सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त हुई। उनके सेवा संपूर्ती सम्मान समारोह का आयोजन केशव पाड़ा, पी.के.रोड, मुलुंड (प.) पर युवाब्रिगेड एसोसिएशन, आशिहारा कराटे इंटरनेशनल,समता हॉकर्स युनियन, महानगरी मित्र मंडल द्वारा किया गया।



इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवक डॉ.बाबुलाल सिंह,बीरेन्द्र पाठक,डॉ. सचिन सिंह,डॉ.आर.एम पाल,बबीता गुप्ता,शरीफ खान, एड.लालचंद पटेल, दयाशंकर पाल,योगेन्द्र श्रीवास्तव, प्रदीप शर्मा,लाल साहब मल्ल,विजय यादव,सुनीता श्रीवास्तव,खुशबू गुप्ता, मनोज सिंह द्वारा शाल,पुष्प गुच्छ एवम भेंट वस्तु प्रदान कर डॉ.प्रभा शर्मा 'सागर' का सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ.प्रभा शर्मा

'सागर' के काव्य एवम गजल संग्रह 'तिमिर की उम्र ढलती जा रही है' को उपस्थित सभी प्रबुद्ध जनों को भेंट स्वरूप प्रदान किया गया।



**महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के ओर से डॉ धनंजय जी महाडिक व उकृष्ट आदर्श ग्राम अधिकारी किशन रावजी काले इनका सम्मान करते हुए अध्यक्ष अशोक पवार**

# मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है देश की जनता - डॉ. शर्मा

**मुंबई-** सतना। केंद्र की भाजपा नीत सरकार के कार्यों को जनविरोधी कार्य निरूपित करते हुए आगामी 1 जुलाई को ग्वालियर में आम आदमी पार्टी के द्वारा महारैली का आयोजन किया गया है। इसके पूर्व सतना में आम आदमी पार्टी के डॉक्टर विंग के जिलाध्यक्ष डॉक्टर संतोष शर्मा ने एक पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भारत में आजादी के बाद से अब तक जिस किसी पार्टी की सरकार रही हो किसी ने भी






जनहित के कार्य नहीं किए। उन्होंने कहा कि कानून और स्वास्थ्य व्यवस्था अभी भी बिल्कुल चरमराई हुई है। देश के नागरिकों को शिक्षा स्वास्थ्य बिजली राशन जैसी मूलभूत सुविधाएं आसानी से मिलना चाहिए जो नहीं मिल पा रही। इन्हीं सब कारणों को लेकर महारैली का आयोजन किया गया है। इस मौके पर मौजूद पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ अमित सिंह ने विधानसभा चुनाव के सवाल पर कहा कि आम आदमी पार्टी मध्य प्रदेश की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि बहुत जल्दी उनकी पार्टी गारंटी कार्ड जारी करने जा रही है जो सभी पार्टियों के घोषणापत्र पर भारी होगा। 1 जुलाई को महारैली के आयोजन के सवाल पर डॉ संतोष शर्मा ने कहा कि 1 जुलाई को डॉक्टर डे है। डॉक्टर विधान चंद्र राय की स्मृति में डॉक्टर डे मनाया जाता है इस दिन को यादगार बनाने के लिए ही पार्टी ने 1 जुलाई का दिन निर्धारित किया है। डॉक्टर शर्मा ने सभी चिकित्सकों को डॉक्टर्स डे की बधाई दी है। प्रेस वार्ता के समय आम आदमी पार्टी के भूतपूर्व जिला अध्यक्ष संजय पंखा विजय गुप्ता लोकसभा प्रभारी प्रशांत पांडे निशांत श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष राहुल सिंह जेपी करोसिया वीरेंद्र सक्सेना एवं महिला मोर्चा समेत काफी लोग मौजूद रहे ।



**नाशिक सेन समाज के जेष्ठ मार्गदर्शक चंद्रकांत जी निर्बान इन्हे जन्मदिन पर बधाई दिए हुए समाज के मान्यवर पदाधिकारी।**

# रामजीत वर्मा उपाध्यक्ष अखिल भारतीय महासंघ ने अपने जीवन साथी के साथ एकजुटता के 35 अविश्वसनीय वर्ष पूर्ण किया

**विशेष प्रतिनिधि, अनंत लाल शर्मा**

**मुंबईः** अखिल भारतीय सविता महासंघ के उपाध्यक्ष रामजीत वर्मा ने



30 जून को 35वीं शादी की सालगिरह मर्यादित ढंग से अपने परिवार और कुछ परिवारिक शुभचिंतकों के साथ मनाया। हमारे प्रतिनिधि से अपनी इस यात्रा के बारे में यादगार लम्हों को साझा करते हुए बताया कि आज,जब हम एक साथ अपनी यात्रा में इस उल्लेखनीय मील के पत्थर का जश्न मना रहे हैं, तो मैं पिछले साढ़े तीन दशकों में हमारे द्वारा साझा किए गए प्यार और खुशी के लिए अत्यधिक खुशी और कृतज्ञता के लिए अपने परिवार और शुभचिंतकों का तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं। एक जोड़े के रूप में हमारी यात्रा पर विचार करते हुए, हम उन अनगिनत यादगार यादों से आश्चर्यचकित हैं जो हमने एक साथ बनाई हैं। जिस क्षण से हमने अपनी प्रतिज्ञाएँ बदलीं और विवाह नामक इस खूबसूरत साहसिक कार्य को शुरू किया, हमने तूफानों का सामना किया, जीत का जश्न मनाया, और उन तरीकों से एक साथ बढ़े जिनकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी।

उन्होंने आगे बताया मेरी लाइफ पार्टनर ने इन वर्षों में, चट्टान की तरह, मेरे विश्वासपात्र और मेरे सबसे अच्छे दोस्त की तरह सदैव मेरे साथ खड़ी रहेगी। उनका अटूट समर्थन, समझ और बिना शर्त प्यार हमारे रिश्ते के स्तंभ रहे हैं, जो हमें जीवन के उतार-चढ़ाव से निपटने में सक्षम बनाते हैं। मेरे साथ आपकी उपस्थिति ने मुझे ताकत और आराम दिया है, और हमारे बीच मौजूद गहरे बंधन के लिए मैं सदैव आभारी हूं।

हमारी यात्रा हंसी, आंसुओं और इनके बीच की हर चीज से भरी रही है। हमने एक साथ मिलकर एक ऐसा घर बनाया है जो गर्मजोशी, प्यार और अपनेपन की भावना से भरा है। जिस तरह से हमने अपने बच्चों का पालन-पोषण किया है, जो प्यार हमने उन्हें दिखाया है, और जो मूल्य हमने उनमें पैदा किए हैं, वे हमारी प्रतिबद्धता की ताकत और हमारे परिवार के प्रति हमारे प्यार का प्रमाण हैं। जैसा कि हम अपनी 35वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, मैं एक पल के लिए उन बलिदानों को स्वीकार करना चाहता हूं जो हमने एक-दूसरे के लिए किए हैं, जो समझौते किए हैं और जो धैर्य दिखाया है। निस्वार्थता और समझदारी के इन कार्यों के माध्यम से ही हमारा प्यार समय की कसौटी पर खरा उतरते हुए फला-फूला है।

आगे देखते हुए, मैं आपके साथ इस खूबसूरत यात्रा को जारी रखने के लिए उत्साहित हूं। हर गुजरते साल के साथ, हमारा प्यार गहरा होता जाता है, हमारा बंधन मजबूत होता जाता है और हमारा संबंध और अधिक गहरा होता जाता है। हमें अभी भी बहुत कुछ अनुभव करना और एक साथ खोजना बाकी है, और मैं आगे आने वाले रोमांचों की प्रत्याशा से भरा हुआ हूं।

इस विशेष अवसर पर, मैं आपके प्रति अपने प्यार की पुष्टि करना चाहता हूं और मेरे जीवन में आपकी उपस्थिति के लिए अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं। आप मेरे लिए अथाह खुशी लेकर आए हैं और मैं आपको अपना साथी, अपना जीवनसाथी और अपना हमेशा का प्यार कहने में सचमुच धन्य महसूस कर रहा हूं। यहाँ प्यार, हँसी और एकजुटता के 35 अविश्वसनीय वर्ष हैं, और आगे आने वाले और भी बहुत कुछ हैं।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com